@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 11 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 265 Pages 04 | ₹3.00

# Trust, Growth and Scale: 12 Years That Recast India's Destiny, Says Rajasthan CM Bhajan Lal Sharma

FAIR REPORT

**JAIPUR**, JUNE 10: Calling the past twelve years a defining chapter in India's rise as a confident and aspirational global power, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma said Prime Minister Narendra Modi's leadership has transformed governance from a system of entitlement into a model of delivery, accountability and nation-building.

Marking twelve years of the Modi government, Sharma said the period since 2014 has witnessed a governance revolution that has touched every sector—from welfare and infrastructure to technology, healthcare, agriculture and national security.

"These twelve years are the story of trust earned through delivery, growth powered by reforms and development executed at an unprecedented scale," Sharma said.

He highlighted the impact of flagship initiatives such as PM Garib Kalyan Anna Yojana, Jan Dhan Yojana, Ujjwala Yojana, PM Awas Yojana and Ayushman Bharat, describing them as transformative interventions that have brought millions of citizens into the mainstream of development. Sharma said India's digital transformation stands among the most remarkable achievements of the Modi era. With UPI-led payments, Direct Benefit Transfers and digital public infrastructure, India has emerged as a global model for technology-driven governance, ensuring transparency while eliminating leakages and middlemen.



The Chief Minister also pointed to the country's infrastructure boom, marked by record highway construction, railway modernization, metro expansion, airport development and renewable energy growth. He said the scale and speed of execution have fundamentally altered India's economic landscape.

On Rajasthan's growth trajectory, Sharma credited Prime Minister Modi's support for landmark projects including the HPCL Rajasthan Refinery, Jaipur Metro Phase-II, major water infrastructure initiatives, renewable energy investments and industrial expansion. "From empowering the poor to elevating India's global standing, the Modi era has been defined by decisive leadership and transformational outcomes," Sharma said. As India advances toward the vision of Viksit Bharat 2047, Sharma asserted that the achievements of the past twelve years have laid a robust foundation for the country's next phase of growth, prosperity and global leadership.

# CS Srinivas Leads Push for Rajasthan Refinery Market Integration; Diesel Production to Begin This Month

FAIR REPORT
HEMRAJ TIKAMCHAND




**JAIPUR**, In a significant step towards maximizing the economic impact of the HPCL Rajasthan Refinery, Chief Secretary V. Srinivas directed officials to ensure that refinery products are extensively marketed and consumed within Rajasthan, creating new opportunities for investment, employment and revenue generation.

Chairing a high-level inter-departmental review meeting virtually from New Delhi, Mr. Srinivas said the refinery, in which the Rajasthan Government holds a 26 per cent stake, is among the State's most prestigious industrial projects and will play a pivotal role in strengthening Rajasthan's economy. He announced that diesel production at the refinery is expected to commence this month, with LPG production also scheduled in the initial phase.

Highlighting the refinery's scale, Mr. Srinivas noted that nearly 4 million metric tonnes of diesel will be refined annually. He directed departments to develop a coordinated marketing framework and explore extensive utilization of refinery products through State Government departments and institutions.

To ensure seamless coordination, the Chief Secretary ordered the formation of a high-level committee under Additional Chief Secretary (Mines and Petroleum) Aparna Arora. The committee will include HPCL Director (Marketing) Amit Garg and representatives from key departments to identify marketing opportunities and strengthen product distribution across Rajasthan.

Ms. Arora informed the meeting that once fully operational, the refinery will annually produce approximately 4 million tonnes of diesel, 1 million tonnes of petrol, 1 million tonnes of polypropylene, besides LLDPE, HDPE, butadiene, benzene, toluene and sulphur. She said HPCL has proposed establishing nearly 300 petroleum distribution outlets across Rajasthan and has been asked to identify suitable locations for allotment through the State Government.

Mr. Srinivas also directed officials to explore fuel outlet facilities for State Motor Garages, Rajasthan State Road Transport Corporation, Police, Prisons, Home Guards, Rajasthan Tourism Development Corporation hotels and district-level government vehicle pools.

Principal Secretary, General Administration, Naveen Jain suggested developing fuel outlets at district pool facilities to improve operational efficiency. Director Petroleum Awadhesh Singh presented the future roadmap and coordination strategy.

The meeting was attended by Special Secretary, Mines, Namrata Vrishni; Joint Secretary, Home, Manish Goyal; RSRTC Managing Director Purushottam Sharma; Joint Secretary, Revenue, Ramnarayan Badguzar; SG Sunil Verma; HPCL officials Sanjay Mathur, Manish Tandon, Yashpal Aneja, M. Sundar Rao, Mansvi Kumar Dixit and Ashwani Sharma; and Petroleum Department officials Dilip Raj, Mohan Kumawat and Ankit Soni.

Officials said the refinery's commissioning is expected to open a new chapter in Rajasthan's industrial development, generate large-scale employment opportunities and provide a major boost to the State's economic growth trajectory.

# DIDI AT THE CROSSROADS: Congress Courts Mamata as Merger Buzz Rocks Opposition Politics

FAIR REPORT



**NEW DELHI**, JUNE 10: Twenty-eight years after she walked out of the Congress to launch her own political movement, West Bengal Chief Minister and Trinamool Congress supremo Mamata Banerjee is once again at the centre of intense speculation about her political future.

A high-profile meeting between Congress Parliamentary Party Chairperson Sonia Gandhi and Mamata Banerjee in New Delhi has triggered a fresh round of political chatter, with reports suggesting discussions over a possible restructuring of opposition politics ahead of future electoral battles.

According to media reports, the Congress leadership is exploring ways to strengthen opposition unity, with some reports even claiming that Mamata Banerjee and her nephew Abhishek Banerjee could be offered significant roles within the Congress organisation in the event of a broader political realignment. However, neither the Congress nor the Trinamool Congress has officially confirmed any such proposal.

The speculation comes at a time when the Trinamool Congress is facing growing internal and electoral challenges. Reports of dissent within sections of the party have fuelled questions about the organisation's long-term cohesion, while political rivals have seized the opportunity to portray the party as vulnerable. Both Congress and TMC leaders have maintained that the discussions are centred on opposition coordination rather than any merger. TMC sources have dismissed reports of organisational integration as baseless, while Congress leaders have refrained from commenting on the details of the meeting.

Yet, the optics of the engagement are difficult to ignore. For the Congress, bringing influential regional leaders closer could strengthen its position as it seeks to rebuild its national footprint. For Mamata Banerjee, whose political career has been defined by fierce independence and opposition to Congress leadership in the past, any perception of returning to the party would represent a dramatic political turn. Whether the meeting marks the beginning of a larger political realignment or merely another chapter in opposition negotiations remains uncertain. What is clear, however, is that the encounter has reignited debate about leadership, survival and the future shape of opposition politics in India. As speculation intensifies in New Delhi's political circles, one question dominates the conversation: Is this the start of a strategic alliance, or the prelude to one of the most consequential political homecomings in modern Indian politics?

# 4,399 Days Later: India's Race to 2047 Is Real — But History Still Sets the Pace



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*




As Prime Minister Narendra Modi completes 4,399 days in office, India finds itself at a moment that is both triumphant and unfinished. The country is now the world's fifth-largest economy, a digital powerhouse and an increasingly influential geopolitical actor. Yet the true story of modern India lies not merely in what has been achieved since 2014, but in the decades that preceded it. When India liberalized in 1991, it stood at a crossroads similar to China. Three decades later, the gap between the two Asian giants remains staggering. China built manufacturing ecosystems, world-class logistics networks and export-driven growth at a scale India never matched. That lost time continues to shape India's economic reality.

The Modi years have undoubtedly altered the trajectory. Highways, rail corridors, digital infrastructure, direct benefit transfers and financial inclusion have expanded at a pace rarely witnessed in independent India. UPI has revolutionized transactions. Welfare delivery has become more targeted. India's voice carries greater weight in global forums than it did a decade ago.

Yet numbers alone do not guarantee destiny.

India still faces structural challenges: a manufacturing deficit, uneven job creation, skills gaps, judicial delays, urban congestion and an education system struggling to keep pace with economic ambitions. The next twenty years will test whether India can convert scale into prosperity.

The real question is no longer whether India is rising. It is whether India can rise fast enough.

To become a developed nation by 2047, growth must remain sustained, reforms must deepen and institutions must become more efficient than ever before. Political victories come and go. Economic transformations endure.

For the first time in a generation, India appears to be moving with purpose. But history offers a cautionary reminder: nations are not judged by how quickly they start the race, but by whether they finish it.



# पीएम मोदी के कार्यकाल 12 वर्ष पूर्ण, CM भजनलाल ने की गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मोती डूंगरी स्थित गणेशजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश की उन्नति तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया तथा पूर्ण आत्मीयता से बातचीत भी की। इस अवसर पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ है। इस समयावधि में उनके ऐतिहासिक कार्यों एवं निर्णयों से देश में सकारात्मक परिवर्तन आया है। जनकल्याण एवं विकास की योजनाएं, नक्सलवाद एवं आतंकवाद का खात्मा तथा दुनिया में बढ़ता भारत का गौरव इसका प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि मोदी ने देश में सबसे लम्बे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक कार्यकाल में नव कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

## कोटा में हुई मंगल आराधना और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना



**कोटा** के खड़े गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धाभाव के साथ भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं शतायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर देश की अखंडता, एकता, शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों, मंगल ध्वनियों एवं 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' के पवित्र उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह देश के लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश साहसिक निर्णयों, आत्मविश्वास, राष्ट्रीय गौरव और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए युग का साक्षी बन रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा एवं नई पहचान मिल रही है।

## एनएच-62 फोरलेन परियोजना को मिली मंजूरी

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सड़क तंत्र का तेजी से सुदृढ़ीकरण हो रहा है। इसी दिशा में उनके प्रयासों से केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-62) के फोरलेन निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना को लगभग 1359.33 करोड़ रुपये की लागत से बीओटी (टोल) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इससे पश्चिमी राजस्थान की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलने के साथ ही निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही, औद्योगिक एवं पर्यटन गतिविधियों को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने नागौर-बीकानेर फोरलेन परियोजना को स्वीकृति मिलने पर कहा कि डबल इंजन सरकार के विजन और सशक्त नेतृत्व में राजस्थान में आधारभूत संरचनाओं के विकास को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही, आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सड़क नेटवर्क का प्रदेश में विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नागौर और बीकानेर सहित नजदीकी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही, यह परियोजना

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों की आवश्यकता हो सकेगी पूरी

# निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम... अब प्रदेश में खनिज के मलबों से मिलेंगे

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में क्रिटिकल मिनरल के एक्सप्लोरेशन और अध्ययन को नई गति प्रदान की जा रही है। हाल ही में प्रदेश में पिंक मार्बल और हरे मार्बल के मलबों के ढेर (अपशिष्ट) के अध्ययन में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम जैसे क्रिटिकल मिनरल्स की गुणवत्तापूर्ण मात्रा के सकारात्मक संकेत मिले हैं। इन मिनरल्स से रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों की आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ सामरिक और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

खान विभाग के आरएसएमईटी और आईआईटी धनबाद के बीच राजस्थान के खनिज डम्प्स के संबंध में एक समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अनुरूप प्रदेश में खनिजों के विशाल ढेरों (ह्यूज डम्प्स ऑफ मिनरल्स), जिनका कोई उपयोग भी नहीं है, में उपलब्ध बेशकीमती क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक खनिजों का पुनर्चक्रण कर इसे व्यावसायिक उत्पादन में उपयोग करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। यह अध्ययन अभिनव प्रयास है। इस समझौते के अंतर्गत खान विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 78 डम्प्स चिन्हित कर 10-10 डम्प्स का कलस्टर बनाया गया। इनमें से उदयपुर जिले और आसपास के कलस्टर में पिंक मार्बल के 8 डम्प्स और ग्रीन मार्बल (सर्पेंटिनाइट) के 2 डम्प्स का अध्ययन किया गया । इन डम्प्स में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम की बड़ी मात्रा पाई गई है। आरंभिक अनुमान के अनुसार यह मात्रा पृथ्वी की पपडी (क्रस्ट) में इनकी सामान्य उपलब्धता से 25 से 40 गुना अधिक है।



### राजस्थान का नवाचार

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन और खनन पर विशेष फोकस है। इसी क्रम में उन्होंने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा की जिसके अंतर्गत रेयर अर्थ मिनरल्स, हेवी रेयर अर्थ मिनरल्स और क्रिटिकल रेयर मेटल्स पर तेजी से काम किया जा रहा है। राजस्थान ने इस दिशा में नवाचार करते हुए खनिजों के डम्प्स से क्रिटिकल मिनरल का एक्सप्लोरेशन का काम शुरु किया है। वहीं, प्रदेश ने रेयर अर्थ मिनरल्स और हेवी रेयर अर्थ मिनरल्स क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल्स आरईई के डिपोजिट्स मिले हैं जिनका केंद्र सरकार द्वारा खनिज ब्लॉकों का ऑक्शन भी किया जा रहा है।

### डम्प्स व टेलिंग्स का आईआईटी आईएसएम धनबाद के सहयोग से वैज्ञानिक मूल्यांकन

खान विभाग द्वारा चिन्हित 78 डम्प्स में से शेष 68 डम्प्स और टेलिंग्स का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन आईआईटी आईएसएम धनबाद के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें खदान डम्प्स का जियो रेफरेन्सड डेटाबेस, मेपिंग, सैंपलिंग, निष्कर्षण, मिनरालॉजिकल एनालिसिस व उपलब्ध संसाधनों का आकलन करते हुए टंगस्टन, लिथियम, कोबाल्ट, निकल, आरईई के रिसोर्सेज जैसे महत्वपूर्ण खनिज की उपलब्धता का पता लगाया जा सकेगा। उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सलूंबर, ऋषभदेव, अजमेर, ब्यावर, सावर, नागौर, सिरोही, जोधपुर, बालेसर, सोजत सिटी और जालौर में अलग-अलग खनिजों के ढेर चिन्हित किये जा चुके हैं। हाल ही में अतिरिक्त मुख्य सचिव खान और पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा से आईआईटी धनबाद के प्रो. धीरज कुमार, आईआईटी आईएसएम के एमेरिट्स प्रो. एएस वैंकटेश, टेक्समिन के दानिश और ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आईआईटी दिल्ली के विक्रम केवाई ने मुलाकात कर डम्प्स में क्रिटिकल मिनरल्स की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता की संभावना व्यक्त की।

## झारखंड महादेव मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया हवन-पूजन



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूजन के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा उनके नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। राठौड़ ने कहा कि रेलवे के सुदृढ़ीकरण, गरीबों के लिए आवास, रोजगार सृजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, किसानों की समृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण तथा विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन जनकल्याणकारी उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं। पूजा-अर्चना कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह और भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने गोविंददेवजी मंदिर में की पूजा



**जयपुर।** भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने जयपुर स्थित गोविंददेवजी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, विधायक बालमुकुंदाचार्य और जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित अनेक नेताओं ने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना की।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित



**FAIR REPORT**

**जयपुर**

महिलाओं के नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता को बढ़ावा देने, राजकीय योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को जयपुर जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला केन्द्रित योजनाओं एवं सेवाओं पर संवाद आयोजित किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम, साइबर सुरक्षा, एनीमिया नियंत्रण, लिंगानुपात सुधार तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सूचना आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिला संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सहायता केन्द्रों एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला स्तर पर 310 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जबकि जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में 1,622 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा संपन्न, 1008 तीर्थ यात्रियों को लेकर लौटी विशेष ट्रेन

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

श्री सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा पर गए राजस्थान के 1008 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रियों का समूह बुधवार को यात्रा सम्पन्न कर विशेष ट्रेन से सकुशल जयपुर लौट आया। देवस्थान विभाग की ओर से संचालित तीर्थ यात्रा योजना के तहत आयोजित इस यात्रा के समापन पर सोमनाथ महादेव, द्वारकाधीश और नागेश्वर महादेव के जयकारे लगाते हुए वरिष्ठ नागरिकों ने यात्रा की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए राजस्थान सरकार को धन्यवाद दिया। यात्रा प्रभारी अधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 5 जून से शुरू हुई और 10 जून को सम्पन्न हुई।



उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित इस यात्रा में सम्मिलित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रियों के समूह का गुजरात सरकार की ओर से भव्य स्वागत किया गया तथा यात्रा सकुशल और सुविधा पूर्वक संचालित होने में महत्वपूर्ण सहयोग किया गया।

सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की पहल की है। जिसके अंतर्गत देश के सभी राज्यों की ओर से तीर्थ यात्रियों के समूहों को सोमनाथ यात्रा करवाई जा रही है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी सांस्कृतिक चेतना का महापर्व है।

## देवनानी ने हिमाचल के राज्यपाल कविंदर गुप्ता से की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शिमला स्थित लोकभवन में बुधवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर स्पीकर देवनानी ने राज्यपाल गुप्ता को राजस्थान विधानसभा का स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

## खान विभाग से संबंधित 90.89% शिकायतों का हुआ निस्तारण

**जयपुर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील निस्तारण के उद्देश्य से खान एवं पेट्रोलियम विभाग की विशिष्ट शासन सचिव नम्रता वृष्णि ने बुधवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 के कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने पोर्टल के ग्रीवांस एनालिसिस समरी डैशबोर्ड के माध्यम से विभागवार, विषयवार और जिलावार लंबित प्रकरणों के आंकड़ों की लाइव समीक्षा की। डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि पोर्टल पर खान एवं पेट्रोलियम विभाग से संबंधित कुल प्राप्त परिवादों में से विभाग की सक्रियता से 90.89 प्रतिशत परिवादों का निस्तारण किया जा चुका है। विशिष्ट शासन सचिव ने नॉट सेटिस्फाइड की श्रेणी में दर्ज मामलों पर निर्देश दिए कि परिवादियों से सीधे फोन पर बात कर उनकी



समस्या की वास्तविकता को समझा जाए। विशिष्ट शासन सचिव ने इस दौरान प्राप्त कुछ विशिष्ट और गंभीर शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया। अजमेर के भिनाय ब्लॉक व बडली में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनिज परिवहन के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलावार शिकायतों की समीक्षा करते हुए विशिष्ट शासन सचिव ने देखा कि सर्वाधिक शिकायतें भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, अजमेर और पाली जिलों से प्राप्त हुई हैं।

### प्रदेश में विकसित होंगे निवेश, रोजगार और राजस्व के नए अवसर, राज्य में 300 पीओएल वितरण केन्द्र खोलना प्रस्तावित

# राजस्थान रिफाइनरी से डीजल का उत्पादन इसी माह से होगा शुरू

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी द्वारा रिफाइन डीजल, एलपीजी और पेट्रोल आदि उत्पादों का अधिकतम उपयोग राजस्थान में ही सुनिश्चित किया जाएगा ताकि प्रदेश में निवेश, रोजगार और राजस्व के नए अवसर विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी से कच्चे तेल के परिस्करण के बाद डीजल का उत्पादन इसी माह से होने लगेगा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास रिफाइनरी के उत्पादों के प्रदेश में ही विपणन नेटवर्क के संबंध में माइंस, पेट्रोलियम, सामान्य प्रशासन, गृह, ट्रांसपोर्ट, राजस्व सहित संबंधित विभागों और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम रिफाइनरी के अधिकारियों की सचिवालय के चिंतन कक्ष में आयोजित बैठक को दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी राजस्थान की प्रेस्टिजियस परियोजना है और इसमें राजस्थान सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी शुरु होने पर सबसे पहले डीजल और एलपीजी का उत्पादन होगा। एक मोटे अनुमान के अनुसार राजस्थान रिफाइनरी से 4 मिलियन मेट्रिक टन डीजल सालाना परिसंस्करित होगा। उन्होंने रिफाइनरी के उत्पादों के राज्य में विपणन संभावनाओं को तलाशने और समन्वय के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के निदेशक विपणन अमित गर्ग और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश की इकोनॉमी को बूस्टअप करने के साथ ही विकास के नए द्वार खोलेगी।



### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में विशिष्ट सचिव माइंस नम्रता वृष्णि, संयुक्त सचिव गृह मनीष गोयल, रोडवेज एमडी पुरषोत्तम शर्मा, राजस्व के संयुक्त सचिव रामनाराण बडगुजर, एसजी सुनील वर्मा, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के संजय माथुर, मनीष टंडन, यशपाल अनेजा, एम. सुन्दर राव, मनस्वी कुमार दीक्षित, अश्वनी शर्मा, पेट्रोलियम से दिलीप राज, मोहन कुमावत, अंकित सोनी आदि ने हिस्सा लिया।

श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी के उत्पादों का विपणन हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा राज्य में आउटलेट खोलकर किया जा सकेगा। इसके साथ ही राज्य में स्टेट मोटर गैराज, राजस्थान पथ परिवहन विभाग, पुलिस, कारागाह, राजस्थान पर्यटन विभाग के होटल्स व जिला स्तर पर आरंभ में डीजल, पेट्रोल आदि से समन्वय बनाते हुए आउटलेट शुरु करने की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में मोटर गैराज के पीओएल (पेट्रोलियम, ऑयल और लुब्रिकेंट्स) वितरण केन्द्र है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने बताया कि रिफाइनरी के उत्पादों को राज्य में ही बाजार दिलाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बनाया जाएगा। इसके अलावा करीब 300 पीओएल वितरण केन्द्र हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा राज्य में खोल कर संचालित करना प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने एचपीसीएल को आउटलेट के लिए स्थान चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने को कहा ताकि राज्य स्तर पर निर्णय कर डीएलसी दर पर स्थान उपलब्ध कराया जा सके। कच्चे तेल को प्रोसेस कर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी व अन्य उत्पादों से राजस्थान में रोजगार की नई संभावनाएं विकसित होगी और प्रदेश की इकोनोमी को नया बूस्ट मिलेगा।

## ब्रीफ खबरें

### जोशी की शोध मौखिकी परीक्षा संपन्न, स्पाइरुलिना पर शोध प्रस्तुत किया



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत बायोलॉजी विभाग में महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई। शोधार्थी महेंद्र कुमार प्रताप राम जोशी की शोध मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने "औषधीय महत्व की स्पाइरुलिना एल्गी के भौतिक-रासायनिक, एंटीऑक्सीडेंट एवं एंटीमाइक्रोबियल अध्ययन" विषय पर शोध कार्य प्रस्तुत किया। से.नि. प्रो. (डॉ.) अंशु सक्सेना ने शोध कार्य का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए शोधार्थी से वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की और शोध की विषयवस्तु, अनुसंधान पद्धति तथा प्राप्त निष्कर्षों की सराहना की। शोध कार्य में औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण शैवाल स्पाइरुलिना के भौतिक एवं रासायनिक गुणों के साथ-साथ इसके एंटीऑक्सीडेंट तथा रोगाणुरोधी गुणों का वैज्ञानिक अध्ययन किया गया। शोध के निष्कर्ष स्वास्थ्य एवं औषधि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाले माने जा रहे हैं तथा भविष्य में औषधीय उत्पादों के विकास में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। शोध कार्य के मार्गदर्शन में प्रो. डॉ. भाविन सोनी ने सह-मार्गदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. राजकुमार, चांसलर हिम्मत सिंह देवल, टीवीटीसीसी निदेशक डॉ. भारती देसाई, शोध निदेशक डॉ. संजय कुमार दास, संकाय सदस्य डॉ. नरेन्द्र शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

### हरणी महादेव में गूंजे वैदिक मंत्र, प्रदेश की समृद्धि की कामना की



**भीलवाड़ा।** प्रदेश में खुशहाली, जन-कल्याण और लोक-मंगल की कामना को लेकर बुधवार को शहर सहित जिले के सभी उपखण्डों में भक्तिमय माहौल रहा। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार प्रातः 8 बजे जिले के चयनित और उपखण्ड स्तर के सभी मंदिरों में एक साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया।जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शहर के हरणी महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम मे विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा, एडीएम (सिटी) प्रतिभा देवतिया सीईओ चंद्रभान भाटी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा कर प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इसी प्रकार सभी उपखण्ड अधिकारियों ने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की निगरानी की।

### पेयजल पर राजनीति से पहले कांग्रेस अपने कार्यकाल का हिसाब दे : सोनी



**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने अजमेर में पेयजल किल्लत को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन को राजनीतिक अवसरवादिता करार देते हुए कहा कि जनता को गुमराह करने से पहले कांग्रेस को अपने पांच वर्षीय शासनकाल का लेखा-जोखा देना चाहिए। सोनी ने कहा कि अजमेर की दीर्घकालिक पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीसलपुर पेयजल परियोजना के तृतीय चरण का कार्य वर्ष 2021 में प्रारंभ होना था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने पहले इस योजना को स्वीकृति देने में देरी की और बाद में इसके लिए आवश्यक बजट भी जारी नहीं किया। लगभग एक हजार करोड़ रु. से अधिक लागत वाली इस योजना को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में धरातल पर नहीं उतारा जा सका। तत्कालीन कांग्रेस सरकार का ध्यान प्रदेश के विकास और जनहित के कार्यों से अधिक आंतरिक राजनीतिक संघर्षों में उलझा रहा। परिणामस्वरूप अजमेर सहित पूरे क्षेत्र की जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने उस समय कई बार इस मुद्दे को उठाया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने जनता की मांगों को अनसुना कर दिया। सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली वर्तमान भाजपा सरकार ने बीसलपुर योजना के तृतीय चरण के लिए बजट जारी कर इस परियोजना को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। यदि कांग्रेस वास्तव में जनता की चिंता करती तो इस योजना को पूर्ण करवाती। सोनी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के सतत और प्रभावी प्रयासों से अजमेर की जलापूर्ति व्यवस्था को नई गति मिली है।

### 1250 किलो कैंडी सीज, 600 किलो दूषित सामग्री मौके पर करवाई नष्ट



**भीलवाड़ा।** प्रदेश में जारी 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को चमनपुरा बनेड़ा रोड स्थित 'मैसर्स हितकर न्यूट्री फूड्स' पर औचक कार्रवाई की। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में टीम ने मौके से करीब 1250 किलोग्राम चटगोला व आंवला कैंडी को सीज किया गया। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि परिसर में 6 ड्रमों में भरी हुई रखी लगभग 600 किलोग्राम बेहद दूषित और सड़ चुकी खाद्य सामग्री भी पाई गई, जिसे जनहित में मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इसके साथ ही फैक्ट्री परिसर में गंदगी मिलने पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने मौके पर ही सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए अजमेर लैब भेज दिए। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर विभाग की इस कार्यवाही से मिलावटखोरों में हडकंप मच गया।

परीक्षा कक्ष, कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# नीट परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज, केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कलक्टर-एसपी

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बुधवार को शहर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा भामाशाह द्वारका प्रसाद काबरा राजकीय पुरुषार्थी उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। अधिकारियों ने परीक्षा कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों, स्ट्रांग रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अभ्यर्थियों



की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दिनेश धाकड़, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शॉर्ट सर्किट : मरीजों को दूसरे अस्पताल में किया रेफर, धुएं से कर्मचारी बेहोश

# हॉस्पिटल में लगी आग, बिल्डिंग खाली कराई






FAIR REPORT

**जोधपुर**

जिले के सोना हॉस्पिटल की बिल्डिंग में आग लगने से हड़कंप मच गया। इस दौरान धुएं की वजह से एक कर्मचारी बेहोश हो गई, जिसे साथियों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। शहर में यह घटना बुधवार शाम 7:15 बजे पावटा-बी रोड स्थित सोना मेडिहब हॉस्पिटल में हुई। आग लगने के बाद यहां फर्स्ट फ्लोर के वार्ड में 8 मरीज भर्ती थे। इनमें से 2 मरीजों को बुधवार को ही डिस्चार्ज किया जाना था। घटना के बाद उन सभी मरीजों को घर भेज दिया गया। वहीं बाकी 6 मरीजों को दूसरे हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। अस्पताल के ऑनर डॉ. अजय परिहार ने बताया कि बिल्डिंग में कंस्ट्रक्शन चल रहा था। इस दौरान किसी वजह से शॉर्ट सर्किट हो गया। डॉ. अजय परिहार ने बताया कि अस्पताल की ओपीडी 7:15 बजे पूरी होती है। इसी दौरान फायर अलार्म बजा। इसके साथ ही ओपीडी में जो मरीज थे, उन सभी को बाहर निकाल दिया गया था। उन्होंने बताया कि एसी के डक्ट में अचानक धुआं निकलने लगा था। वैसे अस्पताल में आग लगने की रिपोर्ट गुरुवार को फायर ब्रिगेड टीम देगी। परिहार ने बताया कि डक्ट में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ। संभावना है कि इसी की वजह से यहां आग लगी। आगकी सूचना पर 10 से 12 मिनट में फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम पहुंच गई। टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। परिहार ने बताया कि आग लगने के बाद सामने बने सनसिटी हॉस्पिटल में मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी छमसा खत्री ने बताया कि वह घर से दुकान जा रहा था। तभी देखा कि बिल्डिंग के ऊपर एसी में आग लग रही थी। सभी को आवाज देकर बाहर निकाला गया। बाहर निकलने के लिए एक ही गली थी और अंधेरा था। सभी को एक-एक कर निकाला गया।

### 4 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**टोंक।** जिले की पीपलू थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (DST) ने 2 किलो 49 ग्राम हेरोइन पकड़ी। पुलिस के अनुसार, इसकी कीमत करीब 4 करोड़ 9 लाख 80 हजार रुपए है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हेरोइन की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बोलेरो कैंपर और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए। यह कार्रवाई मंगलवार रात करीब 9:30 बजे अनवरनगर उर्फ भूरावाली के पास ग्रेवल रोड पर नाकाबंदी के दौरान की गई। डीएसपी रामअवतार ने बताया- एसपी रोशन मीणा के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश और पीपलू थाना प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम अनवरनगर उर्फ भूरावाली के पास ग्रेवल रोड पर तलाशी ली।

### सीकर में 2 कर्मचारियों पर FIR, कॉल पर कहा- मंत्रीजी का OSD बोल रहा हूं

FAIR REPORT

**सीकर**

कृषि विभाग के कर्मचारी रजनीश और संदीप के खिलाफ सीकर के सदर पुलिस थाने में जबरन वसूली का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जून को दोनों सीकर में इनपुट जुटाने के लिए आए थे, लेकिन बीज स्टोर संचालक ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, दूसरी ओर से संदीप भी 5 जून को उस बीज स्टोर संचालक और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करवा चुका है। 5 जून को सदर पुलिस थाने में 'विकास सीड्स' के रामलाल ने शिकायत दी थी। शिकायत पर 9 जून को रात 11 बजे मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में रामलाल ने बताया कि मेरे बेटे विकास की गोकुलपुरा तिराहे पर 'विकास सीड्स' नाम से दुकान है। 2 जून को सुमित कुमार नाम के व्यक्ति ने बेटे को कॉल करके कहा- मैं मंत्री जी का ओएसडी (OSD) बोल रहा हूं। मंत्री जी ने आपके नाम पर 20 लाख रुपए मांगे हैं। वही, मामले में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा से इस्तीफा की मांग की है। इस मामले में रामलाल ने आगे बताया कि 3 जून की रात को करीब 9 बजे विकास के पास दोबारा कॉल आया और कहा गया कि मंत्री जी ने पैसे मांगे हैं। इस पर बेटे ने कहा कि आप सुबह यहां आकर मेरे पापा से बात कर लेना। इसके बाद 4 जून को विकास को कॉल करके सांवली सर्किल के पास 'होटल झंकार' के पास बुलाया गया।

### महिलाओं को सौंपी 2.60 लाख रुपए की सहायता राशि

**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत 'नारी चौपाल एवं नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि नारी शक्ति समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थी हंसा धोबी और कृष्णा बंजारा को 5,000-5,000 के चेक तथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत कौशल्या माहेश्वरी को 2.5 लाख का ऋण अनुदान प्रदान किया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौजूद रहे।

### नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, 245 चालान... 11 वाहन जब्त

FAIR REPORT

**नागौर**



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नागौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन में यातायात पुलिस ने जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 245 चालान किए।उप अधीक्षक यातायात उम्मेद सिंह के सुपरविजन में की गई कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट 52, बिना सीट बेल्ट 13, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने पर 7, ओवरलोड सवारी पर 8, काली फिल्म लगे वाहनों पर 53, बिना नंबर प्लेट 55, मॉडिफाइड वाहनों पर 4, वाहनों पर अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह अंकित करने पर 3 तथा अन्य मामलों में 48 चालान किए गए।अभियान के दौरान नियम विरुद्ध बिना नंबर प्लेट चल रहे एक चौपहिया और दस दुपहिया वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह विशेष अभियान 1 जून से 30 जून 2026 तक जारी रहेगा और यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार की जाएगी।

मोहाली हत्याकांड के विरोध में जीनगर समाज ने सौंपा ज्ञापन

# डिंपल खत्री हत्याकांड के दोषियों को फांसी और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** पंजाब के मोहाली में जीनगर समाज की बेटी डिंपल खत्री की निर्मम हत्या के विरोध में चित्तौड़गढ़ जीनगर समाज ने राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खटीक को ज्ञापन सौंपते हुए मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग उठाई। जीनगर समाज के सचिव नवरतन जीनगर ने बताया कि समाज के अध्यक्ष राजेश जीनगर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पंजाब के पटियाला निवासी 29 वर्षीय डिंपल खत्री मोहाली स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत थीं। 4 जून 2026 को कंपनी परिसर में ही उनके सहकर्मी हरजीन्दर मान उर्फ हैरी ने धारदार हथियार से हमला कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस घटना से न केवल परिवार बल्कि संपूर्ण जीनगर समाज में शोक और आक्रोश का माहौल है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि डिंपल खत्री अनुसूचित




जाति वर्ग से संबंधित थीं। उनके परिवार में पिता राजकुमार खत्री, माता सरस्वती देवी तथा भाई अशोक कुमार खत्री और राहुल खत्री सहित अन्य परिजन हैं, जो हस्तनिर्मित पंजाबी जुत्ती बनाने का कार्य कर आजीविका चलाते हैं। बेटी की असामयिक मृत्यु के बाद परिवार गहरे मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संकट से गुजर रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि मामले में दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि परिवार को संबल मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष राजेश जीनगर, संरक्षक छगनलाल जीनगर, कोषाध्यक्ष अंबालाल चितारा, सचिव नवरतन जीनगर, शांतिलाल सिसोदिया, खूबचंद पड़िहार, गोपाललाल सिसोदिया, सीताराम सिसोदिया, धनराज सोनगरा, भागचंद जीनगर, कन्हैयालाल जादरा चौहान, मुकेश बोराणा, मनोज सोनगरा, सुनील पड़िहार, पंकज सिसोदिया, राजू बोराणा, अजय पड़िहार, राहुल जीनगर, गोविंद जीनगर, अभिषेक गहलोत, अरविंद सोलंकी सहित बड़ी संख्या में जीनगर समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# Move Away from Chemical Farming, Adopt Organic Methods: Experts Advise Farmers at Workshop

**1,375 farmers participated in district-level workshop; information shared on organic farming, women welfare schemes and development works worth ₹87 crore**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** To promote natural and organic farming amid rising cultivation costs, harmful effects of chemical fertilizers and environmental challenges, a district-level one-day Natural and Organic Farming Workshop was organized on Wednesday at Indira Gandhi Priyadarshini Auditorium. Farmers, agriculture experts and public representatives from across the district participated in the event. Speakers highlighted natural farming as an effective way to increase farmers' income, improve soil fertility and build a healthier society. Chief Guest and Member of Parliament C.P. Joshi said that natural farming is not just a farming method but a foundation for a healthy future for coming generations. He appealed to farmers to conserve natural resources and adopt sustainable farming practices. Organic and indigenous vegetable seeds were also distributed during the programme.

Joshi said that under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, organic and natural farming has received a new direction in the country. He urged farmers to gradually shift towards natural farming in view of rising farming costs and increasing health problems. He also informed that special training for natural farming is being provided in Kota and interested farmers can register for it.

### Start with One Bigha: Kriplani

Nimbahera MLA and former minister Shrichand Kriplani said that excessive use of chemical fertilizers and urea has negatively affected human health. He appealed to farmers to start organic farming on at least one bigha of land and gradually expand it. He said natural farming helps protect the health of land, families and society.

### Farmers Are the Strength of the Nation: Collector

District Collector Dr. Manju said that she comes from a farming family and understands the challenges faced by farmers. She said that farmers' hard work is the biggest strength of the country. Excessive use of chemical fertilizers is affecting soil quality, making it important to promote organic farming and conservation of natural resources. She assured farmers of full support from the district administration.

### Cheques, Seeds and Tablets Distributed

Selected Rajeevika cadre women were given tablets during the programme. The Agriculture Department distributed seed mini-kits to women and cheques to beneficiaries of agricultural equipment schemes. The Women Empowerment Department also distributed cheques to beneficiaries of the Lado Protsahan Yojana, Pradhan Mantri Matru Vandana Yojana and Mukhyamantri Nari Shakti Udyam Protsahan Yojana.

### Roads and Bridges Worth ₹87 Crore Inaugurated

During the programme, 15 roads and bridges constructed under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) were inaugurated. These projects were completed at a cost of ₹87.11 crore and cover a total length of 108.49 kilometres.

### Exhibition and Technical Guidance Provided

Various departments set up exhibitions at the venue. Subject expert Pawan Tank explained scientific techniques of natural and organic farming. Senior Scientist Dr. Ratanlal Solanki of Krishi Vigyan Kendra released a booklet on natural farming, while IFFCO Regional Manager Mukesh Ameta explained the benefits of Nano Urea. BJP State Vice President Nagar Singh Jodha, BJP District President Ratanlal Gadri, former minister Shrichand Kriplani, District Collector Dr. Manju, public representatives, agriculture experts, departmental officers, agriculture volunteers and progressive farmers were present at the programme. Around 1,375 participants from across the district attended the workshop.

## Strict Action Against Child Labour, Two Minor Children Rescued from Establishments

**Joint action by Police, Child Helpline and Social Organisation under Umang-VII campaign; strong message against child labour**

FAIR REPORT

Chittorgarh- Child labour is not only a violation of children's rights but also a direct attack on their future and education. Under the Umang-VII campaign being run against child labour, bonded child labour and human trafficking, Mangalwad Police, with the support of Child Helpline and Gayatri Seva Sansthan, rescued two minor child labourers. Separate cases have been registered against a hotel owner and a bakery owner for employing child labour. Superintendent of Police Dharmendra Singh said that a special campaign is being conducted across the district as per the directions of the Police Headquarters against child labour, bonded child labour and human trafficking. Under the guidance of Additional SP Mukul Sharma and the supervision of Bari Sadri DSP Deshraj Kuldeep, two separate teams were formed under the leadership of Mangalwad SHO Bhagwan Lal with the support of Child Helpline and Gayatri Seva Sansthan. During the operation, ASI Jagdish Chandra and his team inspected Shri Hari Sanwariya Hotel located before Narayanpura Toll on the Chittorgarh-Udaipur Highway. A minor boy was found working there and was rescued by the team. A case was registered against hotel owner Praveen, son of Mohan Lal Bishnoi, a resident of Ranodar in Jalore district. In another action, ASI Bhairu Lal and his team inspected Jodhpur Sweets and Bakery located at Mangalwad Circle. A minor boy was also found working there and was rescued and taken into safe protection. A case was registered against bakery owner Ashok Singh, son of Gamer Singh Rajput, a resident of Jakhan Mathoda in Phalodi district. According to the police, investigation has been started in both cases. The rescued children are also being connected with the concerned departments for rehabilitation.

## Ola Driver Held After Assault on Elderly Man in Thane; Video Sparks Outrage

**THANE,** JUNE 10: An Ola cab driver was detained after allegedly assaulting an elderly man in Thane following a dispute over spitting in a public place, police said on Tuesday.

The incident, which was captured on video and widely circulated on social media, occurred outside a shopping mall in the city. According to eyewitnesses, the senior citizen had objected to the driver spitting on the road. This reportedly led to an altercation, during which the driver allegedly slapped and physically assaulted the elderly man. The video triggered widespread public outrage, with several political leaders and citizens condemning the attack. Maharashtra Deputy Chief Minister Eknath Shinde termed the incident unacceptable and called for stringent legal action against the accused.

Police officials said a case has been registered and further investigation is underway. Authorities are examining the video footage and recording statements of witnesses to ascertain the sequence of events.

## SPY IN THE MOTORCADE: Britain's PM Was Being Tracked — And the Signal Led to China

FAIR REPORT

**LONDON,** JUNE 10: It is the kind of revelation that would normally belong in the pages of a John le Carré novel. Instead, it has erupted in the heart of Britain's national security establishment.

A covert data-transmitting device discovered in a British government vehicle in 2022 has now been identified as being embedded in the official car used by the Prime Minister of the United Kingdom, raising alarming questions about how deeply foreign surveillance may have penetrated the highest levels of government.

The explosive disclosure emerged before a parliamentary committee, where security experts revealed that the vehicle was silently transmitting data through a cellular module linked to Chinese supply chains.

"The Prime Minister's car in 2022 was emanating data to China," Charles Parton of the Council on Geostrategy told lawmakers, triggering immediate concern across Westminster.



The most unsettling aspect of the scandal is that investigators still do not know which Prime Minister was being monitored. During the turbulent political carousel of 2022, Britain was led successively by Boris Johnson, Liz Truss and Rishi Sunak — meaning any one of them could have been unknowingly travelling in a vehicle transmitting sensitive location data.

According to testimony, SIM-enabled components embedded deep within the vehicle's electronic architecture were allegedly capable of relaying information back through Chinese-linked networks before the systems were sealed and installed. The discovery sparked a quiet but extensive security operation, with official vehicles used by ministers and diplomats reportedly dismantled and examined for similar vulnerabilities. Beijing has dismissed the allegations as baseless. But in Britain's intelligence circles, the incident has reignited fears over foreign access to critical infrastructure and government supply chains. The scandal leaves Westminster confronting a disturbing possibility: if a foreign-linked device could find its way into the Prime Minister's car, where else might it already be hiding?

## FIRST CONTACT? THE NEW RULE IS SILENCE.

**Scientists Rewrite Humanity's Alien Playbook: Verify First, Speak Later**

FAIR REPORT

**WASHINGTON,** JUNE 10: For generations, humanity imagined first contact with extraterrestrial intelligence as a moment of celebration, panic or wonder broadcast instantly across the world. Scientists now have a very different plan.

If a signal from an alien civilization is ever detected, the first response should not be a press conference, a social media post or a reply. In a significant revision of long-standing first-contact guidelines, the International Academy of Astronautics has updated its protocols governing the discovery of potential extraterrestrial signals. The message to researchers is unequivocal: verify everything, tell almost no one, and under no circumstances respond until the signal has been independently confirmed and reviewed by the international scientific community.

The reason is as much about humanity as it is about aliens. In the age of viral misinformation, a single unverified claim could ricochet across the planet within minutes, triggering fear, speculation, financial disruption and geopolitical tension before scientists even knew what they are looking at. Under the revised framework, any researcher detecting a possible extraterrestrial transmission must seek independent verification before public disclosure. The protocols also discourage any immediate response to the signal, recognizing that a decision affecting all humanity cannot be made by a handful of scientists or a single nation.

## Two Drug Smugglers Arrested with 1.53 kg Opium under Operation Trinetra

**Opium consignment seized during checking near Kanchanpura; motorcycle used in transportation also confiscated**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Under Operation Trinetra, a special campaign against drug trafficking, Bassi Police arrested two accused and seized 1.53 kg of illegal opium from their possession. The accused were transporting the contraband on a motorcycle, which was also seized by the police. Superintendent of Police Dharmendra Singh said that the operation is being conducted across the district on the directions of Udaipur Range Inspector General of Police Gaurav Srivastava to curb the storage and transportation of narcotic substances. Acting under the supervision of Additional SP Mukul Sharma and Rural DSP Dinesh Sukhwal, Bassi SHO Champaram and his team set up a checkpoint on Pal Road ahead of Kanchanpura village on Tuesday. During the checking, police stopped a suspicious motorcycle and searched it. The team recovered 1.53 kg of illegal opium from the possession of Sanjay (31), son of Dhanraj Jat, resident of Pipliya Kalan (Gangrar), and Narayan (29), son of Sohanlal Jat, resident of Turkiya Khurd (Kapasan). Both accused were arrested and a case under the NDPS Act was registered against them. Police are questioning the accused to find out the source and destination of the seized opium. Police Team Involved:- SHO Champaram, Matul, Shankarlal, Tejpal, Sobhagmal and Dinesh Chandra were part of the operation.

# Case Registered Over Illegal Construction in World Heritage Chittorgarh Fort on ASI Complaint

**Construction work allegedly carried out without permission near Ratan Singh Palace; administration and ASI signal strict action**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The administration has taken a strict stand to protect the historical identity and original structure of the World Heritage Chittorgarh Fort. Monitoring of illegal construction and encroachment inside the fort area has been intensified. In this connection, Kotwali Police have registered a case on the complaint of the Archaeological Survey of India (ASI) regarding alleged construction work being carried out without permission in the fort area.

Earlier on Tuesday, a meeting chaired by District Collector Dr. Manju discussed illegal constructions and encroachments in the fort area. Officials made it clear that no compromise would be made on the protection and preservation of the World Heritage site. A few hours after the meeting, police registered a case based on a report submitted by the ASI. The matter is related to construction work being carried out in front of Ratan Singh Palace inside the fort. Superintendent of Police Dharmendra Singh said that the case was registered on the report of



ASI Conservation Assistant Premchand Sharma. According to the report, Yuvrajaditya Singh, a resident of Pratap Nagar, was carrying out construction work in the fort area without the required permission.

After receiving information about the construction activity, ASI officials inspected the site and warned the concerned person to stop the work. However, during a later inspection, the construction activity was allegedly found to be continuing. Following this, the ASI filed a complaint with the police, alleging violation of rules in the protected area.

According to the ASI, Chittorgarh Fort is a UNESCO World Heritage Site as well as a protected monument under the Government of India. The entire area within the fort walls is considered a protected zone. Any construction, reconstruction, repair, renovation, mining or new work in this area requires prior permission from the Central Government and the ASI, even if the land is privately owned.

Officials said these rules are meant to preserve the fort's historical importance, cultural heritage and original character. Therefore, violations of these regulations are treated seriously.

After the case was registered, the Superintendent of Police directed concerned officials to speed up the investigation and take necessary action. The administration and ASI have also made it clear that their campaign against illegal construction and encroachment in the fort area will continue. Officials said a survey of the entire protected area will be conducted in the coming days. Legal action will be taken wherever illegal construction or encroachment is found. The administration stated that the protection of World Heritage Chittorgarh Fort is a top priority and any attempt to damage its historical heritage will not be tolerated.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com